## सार-समाचार

### 'स्वच्छ भारत का सपना साकार करें'

**मकराना, (नि.सं.)।** जूसरी सरपंच भाजपा नेता प्रकाश भाकर के नेतृत्व में मकराना पंचायत समिति की जूसरी ग्राम पंचायत में एक घण्टे श्रम दान कर स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में साफ सफाई की गई। सरपंच प्रकाश भाकर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 1 अक्टूबर 2014 से स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की थी। उनके आव्हान पर पंचायत के कर्मचारियों सहित ग्राम पंचायत के लोगों ने पंचायत भवन व अन्य जगहों पर सफाई की। इस मौके पर भाजपा नेता प्रकाश भाकर ने 350 कचरा पात्र व झाड़ू वितरित की। सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद करने के लिए भाकर ने सभी को कपड़े के केरी बैग वितरित किए व सभी से सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद करने का आव्हान किया। साथ ही यह अभियान सम्पूर्ण मकराना में चलाने के लिए कहा, जिसकी शुरुआत रविवार को जूसरी पंचायत से की गई। स्वच्छ भारत अभियान के आरंभ के बाद गलियों की सफाई के लिए झाड़ू उठाना, कूड़े-करकट की सफाई, स्वच्छता पर ध्यान केन्द्रित करना और अपने चारों ओर स्वास्थ्यवर्धक वातावरण बनाना अब जनता की प्रकृति बन गई है। ग्राम पंचायत की सभी दुकानों पर कचरा पात्र लगवाए। ग्राम विकास अधिकारी नरेश मीणा ने बताया कि स्वच्छता को लेकर जूसरी ग्राम पंचायत पहले से ही बहुत सजग है व अपने काम के लिए कई बार जिला, राज्य व राष्ट्रीय लेवल पर सम्मानित हो चुकी हैं। पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मुकेश कुमार परिहार ने सभी से इस अभियान में शामिल होने की अपील की। इस मौके पर उप सरपंच प्रवीण चौहान, नरेश मीणा, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मुकेश परिहार, वार्ड पंच मोसिन, सोहन राम, प्रेम मेहरा, चंपालाल जांगिड़, दीपक व्यास, पदमाराम डांगी, गोविंद राम, पिंटू मेघवाल, आशुराम, कैलाश, बृजमोहन, तनसुख, देवाराम पूनियां, धनलक्ष्मी, कमला सुप्यार, गायत्री सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### महात्मा गांधी की जयंती मनाई

**मदनगंज-किशनगढ़, (निस)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की और से राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। गांधी पार्क में श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर भावांजलि दी। पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया, नायब तहसीलदार ओमप्रकाश सोनी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शांतिलाल झांझरी, मदन जाजोरिया, पूर्व सरपंच बुंदु खान, सदर शफ्फी मोहम्मद ने गांधीजी के जीवन पर प्रकाश डाला। जिला परिषद सदस्य जगदीश गोरा, पंचायत समिति सदस्य रवि सिनोदिया, पार्षद तक्की मोहम्मद, राकेश शर्मा, धनालाल यादव, प्रमेन्द्र जोशी, परवीन बानो, घनश्याम सिंह सोढा, पप्पू मेघवाल, किशनलाल गहलोत, राजेश सैनी, महेंद्र सेन, नसीम अहमद, सत्यनारायण मेघवंशी, केसरीमल डुकिया, सलीम, उमर, छगन मालाकार, अशोक तेजी, सीताराम जांगिड़, करिश्मा बानो सहित कई कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। संचालन महामंत्री मूलचंद शर्मा ने किया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार गांधी दर्शन समिति द्वारा महात्मा गांधी की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। संयोजक तक्की मोहम्मद, सह संयोजक धन्नालाल यादव महिला संयोजक परवीन बानो, युवा संयोजक शिवकरण बाकोलिया गुणवंत सैन, महावीर पारीक सलीम मोहम्मद, हीरा कुरेशी, करिश्मा बानो, पृथ्वीराज सिंह के अलावा नगर परिषद से प्रकाश मेहता, संदीप यादव, मनोज रिणवा, लेखराम, मुकेश लखन मौजूद रहे। पूर्व जिला प्रमुख रामस्वरूप चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्त्ताओं ने किशनगढ़ कोर्ट स्थित गांधी की प्रतिमा एवं नगर परिषद परिसर में शास्त्री की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम में पार्षद सुशील अजमेरा, पप्पू मेघवाल, अशोक झांझरी, सुनील मारु, गोपाल बंजारा, भागचंद गुर्जर पं मनसुख शर्मा, देवेंद्रसिंह सिसोदिया, नरेश बाकलीवाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कांग्रेस नेता शर्मा ने गांवों का दौरा किया

**मदनगंज-किशनगढ़, (निस)।** आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के बैनर तले चुनाव लड़ने के लिये मैदान में डटे एडवोकेट राकेश शर्मा ने शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण इलाकों में भी मोर्चा संभाल लिया है। गांव भोगादित में रामदेव मेले के उपलक्ष में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ पर पीसीसी सदस्य राकेश शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। अमर शहीद शंकर सिंह राठौड़ की जन्म भूमि पर इनका परम्परागत रूप से स्वागत अभिनंदन किया गया। एडवोकेट शर्मा ने कहा कि काफी समय से पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्त्ता बनकर आमजन की सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दु:ख दर्द में भागीदार बनकर आगे भी सदैव तत्पर रहूंगा। हम सभी का कर्तव्य बनता है की एक बार फिर सरकार बनाने में सहयोग किया जाये। उन्होंने अनेक गांवों में जाकर जन सम्पर्क कर समस्याओं का समाधान कराया। ग्रामवासियों ने हर संभव सहयोग समर्थन देने के लिये आश्वस्त किया। इस दौरान युवा नेता जीतेन्द्र सिंह, प्रधान जाट, रशीद खान, सांवरलाल, भोजराज, पंकज वैष्णव, राजू प्रजापत, गणेश गुर्जर, हिम्मतसिंह सहित पंच सरपंच व कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

### सांवतसर में रामलीला 13 से

**मदनगंज-किशनगढ़, (निस)।** बजरंग नवयुवक मंडल द्वारा 13 अक्टूबर से रामलीला मैदान सांवतसर में तेरह दिवसीय रामलीला का आयोजन किया जायेगा। अध्यक्ष श्यामसुंदर वैष्णव ने बताया कि इस संबंध में आयोजित बैठक में तैयारियों को लेकर अंतिम रूप दिया गया। संयोजक देवकिशोर गुर्जर के बताया कि तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित मानस के माध्यम से रामलीला मंचन होगा। बैठक में महामंत्री शिवराज पाटील, उपाध्यक्ष विश्राम चाड, कोषाध्यक्ष गणपतलाल शर्मा, एडवोकेट राजेन्द्र नुवाद, निर्देशक मुरलीधर वैष्णव, वरिष्ठ सदस्य भंवरसिंह शेखावत, जगदीश सिंह शेखावत, सुरेश मालाकार, पार्षद बलराम सामरिया, मनोज अग्रावत, कालूराम चुंडीवाल, तेजपाल बजाड़, भेरूलाल बजाड़, तेजु घरड, जुगराज नुवाद, चंद्रप्रकाश वैष्णव लाला पुजारी, महेश शर्मा, राकेश वैष्णव, अक्षय वैष्णव, युवराज, अजय सिंह राठौड़, देवाराम पोसवाल, सुधांशू अग्रावत, त्रिलोकचंद, मोहन, सुशील, धनराज सैन, योगेश वैष्णव आदि मौजूद रहे।

### वाल्मिकी जागरूक कमेटी की बैठक

**अजमेर, (कासं)।** वाल्मिकी ग्रामीण जागरूक कमेटी की बैठक साम्प्रदा गांव मे महावीर चावरिया निवास स्थान पर भंवर लाल पंडित की अध्यक्षता में सम्पन हुई। बैठक मे समाज में हो रही कुरूतियो पर विचार विमर्श कर समाज में हो रही कुरुतियों पर कमेटी के सभी सदस्यों की सहमति पर पाबन्दी लगाने पर जोर दिया। समाज को आगे किस प्रकार आगे बढाएं, इसके बारे में कमेटी उपाध्यक्ष राजेश गोयर व मंगल लाल गोयर ने अपने अपने विचार प्रकट किय। कमेटी के कोषाध्यक्ष अंकित लखन ने कमेटी के बजट के बारे में जानकारी भी सभी के सामने रखी। बैठक में गोपाल गोयर, सिकंदर गोयर, शिवराज पंडित, सत्यनारायण लखन, कालू राम नाहर, मुंशीराम लखन, पप्पू लाल गोयर आदि सदस्य मौजूद रहे।

### गांधी व शास्त्री की जयंती मनाई गई

**मसूदा, (निसं)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में ब्लॉक अध्यक्ष की उपस्थिति में आज़ादी के नायक महात्मा गांधीजी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती मनाई गई। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सलीम बाबू ने कहा कि गांधी जी को हम भूला नहीं सकते। उनके बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा। बापू, राम नाम की डोर से आखिरी पल तक बंधे रहे। उनके विचार दृष्टिकोण, उनकी निर्भीकता, स्पष्टवादिता, सकारात्मकता, उनका जीवन हमेशा राह दिखाते हैं। इस दौरान मसूदा ब्लॉक के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शहीद स्मारक पर मौन व्रत रखा

**मदनगंज-किशनगढ़, (निस)।** राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ के बैनर तले प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न सेवा संगठनों के नेतृत्वकारी साथियों ने पन्द्रह सूत्रीय मांगों को लेकर मौन व्रत सत्याग्रह किया। शिक्षक संघ शेखावत प्रदेश संरक्षक चन्द्रशेखर शर्मा ने महात्मा गांधी की तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण कर सत्याग्रह शुरू किया। उपशाखा किशनगढ़ अध्यक्ष रवींद्र दौसाया ने बताया कि महासंघ महामंत्री महावीर सिहाग, शेखावत प्रदेशाध्यक्ष फेलीराम मीणा, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, दामोदर शर्मा आदि ने मौन व्रत रखा।

### सीनियर सिटीजन का सम्मान

**अजमेर, (कासं)।** अंतर्राष्ट्रीय सीनियर सिटीजन दिवस के मौके पर सोमवार को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा विभाग के सभागार में सीनियर सिटीजन का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। लाडो रानी लक्ष्मी बाई संस्था की ओर से सभागार में वृद्धजनों का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस दौरान सम्मान समारोह में संस्था के जिला अध्यक्ष अनिता यादव, जिला उपाध्यक्ष कुंती पारलानी, प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष गणपत किशोर हल्दानिया, के के गौड, बी के चौहान समेत कई सदस्य भी मौजूद रहे।

# जैन संतों ने विशेष योग्यजन बच्चों को आशीर्वाद दिया

**अजमेर, (कासं)।** भारतीय जैन मिलन की क्षेत्रीय कार्यकारणी के द्वारा अजमेर शहर मे विशेष योग्यजन बच्चों के लिए संचालित विभिन्न संस्थाओं के बच्चों के लिए आचार्य विवेक सागर जी महाराज का आशीर्वाद एवं उद्बोधन का एक अनूठा कार्यकम आयोजित किया गया। दौलत बाग़ के पास स्थित छोटे धडे की नसिया में हुये इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिवीज़नल कमिशनर सी. आर. मीणा रहे।

भारतीय जैन मिलन के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश जैन पाटनी ने बताया कि आज के इस कार्यक्रम मे शुभदा स्पेशल स्कूल कोटडा, मीनू स्कूल चचियवास, अन्ध विद्यालय आदर्श नगर, मूक-बधिर विद्यालय वैशाली नगर, लाडली घर शास्त्री नगर के लगभग 250 बच्चों ने भाग लिया। इन बच्चों ने बड़े ही अनुशाशित तरीके से भाग लिया।



अजमेर में भारतीय जैन मिलन की क्षेत्रीय कार्यकारणी ने विशेष योग्यजन बच्चों के लिए संचालित संस्थाओं के बच्चों के लिए आचार्य विवेक सागर का आशीर्वाद एवं उद्‌बोधन कार्यकम आयोजित किया।

डिवीज़नल कमीशनर सी.आर. मीणा ने विश्व में शान्ति एवं सद्भाव के लिये जैन धर्म के सत्य एवं अहिंसा के सिद्दांत को अपने जीवन मे उतारने की प्रेरणा लेने का आवहान किया। इस अवसर पर बच्चों ने गीत के मनोरंजक कार्यकम प्रस्तुत किये जिनसे उपस्थित श्रोता मंत्रमुघ हो उठे। कार्यक्रम मे विभिन्न संसथओ के संचालकों एवं गुरुओं का शाल ओढ़ा कर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम मे कांग्रेस के शहर अध्यक्ष विजय जैन, मुनि संघ सेवा समिति के अध्यक्ष सुशील बाकलीवाल, अपना घर के अध्यक्ष सतीश राठी, अजमेर के पूर्व महापौर सोमरत्न आर्य, समाज सेवी सुनील खटोड, भारतीय जैन मिलन के क्षेत्रीय निदेशक मदन लाल बाफना, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पी.सी जैन (गंगवाल) जैन, एडवोकेट राज कुमार जैन भैंसा, सी.पी कटारिया, राजेन्द कुमार जैन पाटनी, महेंद्र जैन (काला), राजकुमार लुहाडिया, मुकेश पाण्डया, सुरेन्द्र कुमार जैन पटौदी (रेल्वे) महिला विंग की अध्यक्ष तमा जैन, महिला विंग की सचिव अलकेश जैन, शैल जैन, रेखा जैन, शान्ता जैन, सरोज जैन, कुसुम जैन सहित कई व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यकम का निर्देशन संस्था के मदनलाल बाफना ने किया तथा संचालन प्रकाश जैन पाटनी ने किया। बच्चों को कार्यकम्र के बाद समाज सेवी सुनील खटोड के सौजन्य से अल्पाहार भी वितरित किया गया। बच्चों ने एक दूसरे गले लग कर क्षमा याचना की। अन्त मे पी.सी जैन गंगवाल द्वारा आभार प्रकट किया गया।

### दफनाने के लिए जमीन की मांग

**भीलवाड़ा, (नि.सं.)।** जिले के गंगापुर थाना क्षेत्र में रहने वाला गांचा समाज एक वृद्ध की मौत हो जाने के बाद दफन के लिए 2 गज जमीन की मांग को लेकर विगत 8 घंटो से उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन कर रहे हैं। गाचा समाज के खेमराज गाचा ने बताया कि 1 अक्टूबर को दोपहर में पहाड़ खान गाचा उम्र 80 वर्ष की मौत हो गई थी। परिवारजन 32 घटे से ही शव को दफनाने के लिए जमीन की मांग कर रहे हैं। क्षेत्र के आला अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को रविवार से परिवारजन व समाज के द्वारा गुहार लगाई जारी, लेकिन अब तक मृतक को दफनाने के लिए दो गज जमीन नसीब नहीं हो पाई। श्मशान के लिए जमीन की मांग को लेकर गाचा समाज के लोग सुबह से प्रदर्शन कर रहे थे।

# पुलिस मित्र अमित भट्ट व साँवरा शर्मा का किया सम्मान

**पुष्कर, (निसं)।** पुष्कर राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के तृतीय सोपान प्रशिक्षण केन्द्र पुष्कर घाटी में आज चतुर्थ दिवस पर पिछले कई वर्षों से 8500 से अधिक सांपो का जीवन बचाने वाले पुलिस मित्र टीम प्रभारी अमित भट्ट व सांवरा शर्मा'का स्थानीय संघ के सचिव नंद किशोर वैष्णव द्वारा स्काउट परम्परा से स्वागत अभिनंदन व सम्मान किया गया।

पीसांगन संघ की विभिन्न विद्यालयों करीब 170 स्काउट गाइड तथा 20 संघ संचालक मण्डल के समक्ष स्कार्फ पहनाकर शाब्दिक अभिनंदन करते हुए गजेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि द्वितीय प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस की रात्री में स्टॉफ हट में एक कोबरा सर्प आ गया। जिसको पुलिसमित्र टीम इंचार्ज अमित भट्ट व साँवरा शर्मा ने सूचना पश्चात तुरन्त त्वरित कार्यवाही करते हुए पहुंचकर कोबरा प्रजाति के 6 फ़ीट लम्बे कोबरा सर्प को बिना नुकसान पहुंचाये आसानी से पकड़कर स्काउट कैम्प के भागीदारों को सुरक्षित व निश्चिन्त किया।

स्काउट मास्टर रजिन्द्र गौड़, देवीलाल, शिवराज, सुरेन्द्रसिंह, विष्णुदव रामदेव व 170 स्काउटो के मध्य अमित भट्ट ने मौजूद स्काउट, गाइड के सामने भारत मे पाये जाने वाले सर्पों की विभिन्न प्रजातियों की जानकारी दी। बताया कि मुख्यत: चार प्रकार के सर्प ही बेहद जहरीले पाये जाते है जिसमें कोबरा प्रजाति के सर्प को कैम्प से रेस्क्यू किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सर्पों से सम्बंधित जानकारी पाकर सभी स्काउट बेहद खुश हुए व अमित भट्ट से कई प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाएं शांत की। सचिव नंद किशोर वैष्णव ने भविष्य में भी स्काउट गाइड को इसी प्रकार सरीसृप प्रजातियों की जानकारी देने हेतु पुलिसमित्र टीम से अनुरोध किया व शिविर के निर्विघ्न सम्पन्न होने पर खुशी व्यक्त की।

# महात्मा गांधी की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित

**बिजयनगर, (निसं)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती गांधी स्मारक उद्यान में क्षेत्रीय विधायक राकेश पारीक के सानिध्य में श्रद्धा के साथ मनाई गई ।गांधी स्मारक उद्यान में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धा के साथ नमन किया । विधायक राकेश पारीक नेअपने संबोधन में महात्मा गांधी के सत्य अहिंसा के आदर्श को वर्तमान में भी प्रासंगिक बताया घ्कांग्रेस कार्यकर्ताओं सामूहिक रूप से रघुपति राघव राजा राम की रामधुनी का गायन करते हुए महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। गांधी जयंती के अवसर पर राजकीय चिकित्सालय में भर्ती रोगियों की विधायक राकेश पारीक में कुशलक्षेम पूछते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की रोगियो फल वितरित किये।

आयोजित कार्यक्रम में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दौलतराम मानक चन्दानी, नगर कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, श्याम नागोरी जैव विविधता समिति के अध्यक्ष तरुण कच्छावा, मूल सिंह राठौड़, सीताराम पवार, पार्षद नौशाद मोहम्मद, दाऊद कुरैशी, ओम प्रकाश मेघवाल, शहजाद मंसूरी, ऋषि जांगिड़, लादू लाल भील, प्रकाश चंद बडोला, रमेश मोटवानी, गोपाल स्वरूप कुमावत, जितेंद्र बेरवा, लक्ष्मीकांत छिपा, भवानी सिखवाल, शिवदयाल पांण्डया, अनिल वर्मा, श्याम शर्मा, दीपक विश्वनावत, मोहम्मद आरिफ, नगर पालिका के शिवप्रसाद ओझा, पिंटू जमादार, कन्हैयालाल, ताराचंद, रोहित, प्रहलाद बोहित व धन्नालाल बागवान सहित कांग्रेस के जन प्रतिनिधि सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अहिंसा दिवस मनाया

**आसींद, (निसं)।** महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती स्थानीय महाविद्यालय में 'अहिंसा दिवस' के रूप में मनायी गयी । जहां विद्यार्थियों द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना की गयी तथा सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थित स्टाफ सदस्यों ने अहिंसा एवं स्वच्छता का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संकर्षण पंडा ने शहीद महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके पदचिह्नों पर चलने का आहवान किया। शिक्षा संकाय के प्रवक्ता नाथू लाल सेन एवं राजनीति विज्ञान के सहा. आचार्य महेंद्र सिंगारिया ने शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इतिहास के स.आ. रोहित कुमार एवं रसायन शास्त्र के स.आ. पंकज तिवारी ने महात्मा गांधी के जीवन दर्शन पर चर्चा की।

# बापू ने अहिंसा, शास्त्रीजी ने आत्म निर्भरता का संदेश दिया

**अजमेर, (कासं)।** महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर अजमेर शहर सहित जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों सहित विभिन संस्थानों व संगठनों स्कूलों में श्रद्धांजलि अर्पित की।

अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर सोमवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में महात्मा गांधी देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कांग्रेस के नेताओं ने गांधी भवन चौराहे स्थित गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। पुष्पांजलि कार्यक्रम के बाद जैन ने महात्मा गांधी द्वारा देश के लिए दिए गए बलिदान पर विचार व्यक्त किए। कांग्रेसजनों ने बाद में देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की शास्त्री नगर स्थित प्रतिमा पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उपस्थित सभी ने महात्मा गांधी अमर रहे, हम फौजी हैं मस्ताने हैं, गांधी के दिवाने हैं तथा जब तक सूरज चांद रहेगा महात्मा गांधी का नाम रहेगा नारे लगाए। जयंती के मौके पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने महात्मा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा देश को आजादी दिलाने में दिए गए योगदान का याद किया। साथ ही उनके जीवन आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आव्हान किया। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन ने कहा कि 2 अक्टूबर हम सभी के लिए एक पवित्र और प्रेरणादायक दिन है। बापू के विचार और आदर्श आज अधिक प्रासंगिक हैं। महात्मा गांधी कहते थे कि उनका जीवन उनका संदेश है और उन्होंने कभी भी अपने जीवन से प्रभावित करने की कोशिश नहीं की बल्कि उनका जीवन दूसरों के लिए प्रेरणा बन गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन

समाजसेवी पंजीकृत संस्था सुधार सभा द्वारा संचालित आशागंजए अजमेर स्थित हरीसुन्दर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या महेश्वरी गोस्वामी ने बताया कि विनोद दत्त जोशी, सहायक राज्य संगठन आयुक्त अजमेर मंडल ओम कुमारी चौहान, जिला संगठन आयुक्त गाइड, महेश शर्मा जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट एवं सचिव स्थानीय संघ आदर्श नगर, एमटी वाघवानी अध्यक्ष रोटरी क्लब मेटों एवं ज्योति चांदवानी रोटरी क्लब के निर्देशन में गांधी जयन्ती के उपलक्ष्य में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

नन्हे मुन्ने बच्चे गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की वेशभूषा में उपस्थित हुए। डॉ.ज्योत्सना चांदवानी एवं डॉ. ऋतम्भरा राणावत ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की जानकारी दी। स्मृति उद्यान में प्रार्थना सभा के दौरान संभागीय आयुक्त सीआर मीना, जिला कलेक्टर डॉ भारती दीक्षित, गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला संयोजक डॉ. श्रीगोपाल बाहेती, अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, शक्तिप्रताप सिंह एवं उपखंड अधिकारी शिवाक्षी खांडल उपस्थित रहे। इस दौरान आशाएं द जेल बैंड ओर्केस्ट्रा ने शानदार प्रस्तुति दी।

### केंद्रीय बस स्टैंड पर विशेष स्वच्छता अभियान

गांधी जयंती के अवसर पर सामाजिक एवं धार्मिक आस्थाओं की नगरी अजमेर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए द सोसायटी ऑफ यूनिक अजमेर के तत्वावधान में सोमवार को केन्द्रीय बस स्टैंड परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में शहर की अनेक सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक, शैक्षणिक एवं अन्य संस्थाओ सहित स्कूली बच्चों ने भी भाग लिया। बच्चों ने बस स्टैंड परिसर की दीवारों पर महात्मा गांधी से जुड़ी पेंटिंग बनाई गई। साथ ही यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। बच्चों ने दीवारों पर क्रिएटिव कैप्शन भी लिखे।

द सोसायटी यूनिक ऑफ अजमेर के अध्यक्ष कंवल प्रकाश किशनानी ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को प्रात 7 से 12 बजे तक केन्द्रीय बस स्टैंड परिसर में एक विशाल स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें शहर की युवा पीढ़ी से लेकर पुरूष, महिलाएं एवं बुजुर्ग लोग भारी संख्या में भाग लिया। इस दौरान संस्था द्वारा वॉल पेंटिग व रील प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरित किए गए। 12 के करीब संस्थाएं और 5 स्कूली बच्चों के साथ ही 500 से ज्यादा युवाए महिलाएंए बुजुर्ग शामिल हुए।

### बच्चों ने वॉल पेंटिंग की, स्लोगन लिखे

कार्यक्रम के तहत रोडवेज बस स्टैंड की दीवारों पर कलर करने के साथ ही टॉयलेट और बस स्टैंड के परिसर को अच्छे से साफ किया गया। साथ ही स्कूली बच्चों के द्वारा वॉल पेंटिंग कॉम्पिटिशन भी आयोजित किया गया। बच्चों ने दीवारों पर महात्मा गांधी से जुड़ी ड्राइंग दीवारों बनाई और स्लोगन भी दीवारों पर लिखे।

### श्रमदान से स्वच्छता का संदेश दिया

**आसींद, (निसं)।** आसींद बस स्टैंड पर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर स्वच्छता का जन आंदोलन से नगर वासियों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया एवं स्वच्छता मित्रों का सम्मान समारोह भी किया गया इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री हरजीराम गुर्जर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के जीवन के आदर्शों की पालना करें एवं अहिंसा का मार्ग बनाएं पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया इस मौके पर बजरंग दल के ओमप्रकाश माली, भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद हरवानी ,जगदीश सिंह चौहान खूबी लाल सोनी सहित नगर पालिका कार्यालय के सफाई कर्मचारी व महिलाएँ मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### कारागृह में बापू के भजन गुनगुनाये

**ब्यावर, (निसं)।** गांधी जयंती और प्रधानमंत्री रहे स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा उपकारागृह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। बापू के चित्र के समक्ष उप कारापाल चतुर्भुज जाट, हैड कांस्टेबल नारायण लाल,जसराज,पीएलवी संजय सिंह गहलोत और डॉ राजेंद्र सोनी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये और माल्यार्पण किया। बापू के जीवन चरित्र पर अपने विचार रखते हुए चतुर्भुज जाट ने प्रेरणा लेते हुए उन्हें अपने जीवन में उतारने का संदेश दिया। इस अवसर पर बंदियों ने भी अपने अपने विचार रखे और भजन की प्रस्तुति दी। पीएलवी संजय सिंह गहलोत ने बापू की प्रिय धुन रघुपति राघव राजाराम.....,ज्योत से ज्योत जगाते चलो....और प्रेरणास्पद गीत ज़िंदगी हंसने गाने के लिए.... प्रस्तुतिया दी। सभी बंदियों ने भी साथ में गुनगुनाते हुए बापू को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ राजेंद्र सोनी ने प्रेरणास्पद गीत तस्वीर बनाता हूँ..... प्रस्तुत किया। प्रात: श्री मद्भागवत प्रभात फेरी परिवार के साथ राम धुन के साथ प्रभात फेरी शहर के मुख्य मार्गों पर निकाली गई। दोनों ही स्थानों पर कार्यक्रम के पश्चात स्वच्छ भारत अभियान के तहत सभी ने मिलकर परिसर में श्रमदान करते हुए सफाई की। दोनों स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रमों में उप कारापाल चतुर्भुज जाट, मुख्य प्रहरी नारायण लाल, जसराज,पीएलवी संजय सिंह गहलोत, डॉ राजेंद्र सोनी, संजय घीया, प्रहरी अर्जुन कुमार, मनोज कुमार, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र आदि उपस्थित थे।

### गांधीजी व शास्त्रीजी की जयंती मनाई

**ब्यावर, (निसं)** चांग गेट पर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कलेक्टर सहित वरिष्ठ अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने बापू की मूर्ति पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। गांधी जी के प्रिय भजन व रामधुन कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जन्म जयंती के अवसर पर जिले जिले के विभिन्न उपखंड व ब्लॉक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन हुआ। कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर सहित वरिष्ठ अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने बापू की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा किये गये कार्यो को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कलेक्टर ने कहा कि बापू ने सत्य व अहिंसा के सिद्धांत पर चलते हुए आजादी की लड़ाई में अहम योगदान दिया। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के देशहित में किये गये कार्यो को सदैव याद रखा जाएगा। नगर परिषद में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपखंड अधिकारी मृदुल सिंह, नगर परिषद सभापति नरेश कनोजिया सहित कई वरिष्ठ अधिकारी व जन प्रतिनिधि मौजूद रहे। आम आदमी पार्टी ब्यावर के कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की मूर्ति का माल्यार्पण कर भारत माता की जय, वंदेमातरम का उद्घोष किया। शास्त्री सर्किल पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की मूर्ति का माल्यार्पण कर भारत माता की जय, वंदेमातरम, जय जवान जय किसान का उद्घोष किया। इस मौके पर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री द्वारा दिखाये गये मार्गदर्शन पर चलने हेतु संकल्प लिया। एक्स सर्विसमेन विंग प्रदेश संयुक्त सचिव राधावल्लभ माहेश्वरी, व्यापार विंग प्रदेश संयुक्त सचिव मनजीतसिंह हुडा, राजसमन्द लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष एडवोकेट नीलेश बुरड़, एडवोकेट पारसमल श्रीमाल, बाबूलाल सैन, खींयाराम सिंगारिया, शौकीन काठात, लीलाधर दाधीच, कन्हैयालाल खत्री, धमेन्द्र कुमावत, डॉ. अनिल जडिया, प्रेमचंद, मोहम्मद फिरोज आदि उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्रा कबड्डी प्रतियोगिता आज से

**ब्यावर, (निसं)।** राजस्थान सरकार शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार मोहम्मद अली मेमोरियल उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं राजपूताना मोहम्मद अली मेमोरियल ट्रस्ट सोसाइटी के तत्वाधान में 67वीं जिला स्तरीय छात्र-छात्रा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार से होगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ समारोह प्रात: 9.30 बजे विद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित किया जाएगा। संयोजक डॉ.अनीस अहमद ने बताया कि प्रतियोगिता में जवाजा, मसूदा, रायपुर, जैतारण, बदनौर क्षेत्र की लगभग 150 से 200 टीमें भाग लेगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मांगीलाल सोलंकी द्वारा सभी प्रकार की तैयारी एवं सहयोग के लिए शारीरिक शिक्षकों की दक्ष टीमों को लगाया गया है। मंगलवार को सुबह से ही जिला क्षेत्र की टीमें रजिस्ट्रेशन के लिए पहुंची है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए राजपुताना मोहम्मद अली मेमोरियल ट्रस्ट सोसायटी के अध्यक्ष पप्पू काठात के नेतृत्व में प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक का अयोजन किया गया जिसमें व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई तथा जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में उपाध्यक्ष अब्दुल मजीद कुरैशी, सचिव अब्दुल सलीम मंसूरी, सहसचिव मोहम्मद हनीफ सोरगर, कोषाध्यक्ष हाजी गुलाम सरवर, सहकोषाध्यक्ष अब्दुल रउफ, हाजी मोहम्मद हनीफ छीपा, रोषन काठात, जहूर अहमद, ताजुद्दीन शेख, मोहम्मद हारून छीपा, अब्दुल लतीफ, अब्दुल रषीद, हाजी कमरूद्दीन, मोहम्मद रमजान मंसूरी, अब्दुल सलीम कुरेषी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। देर शाम तक टीमों का पंजीयन जारी रहा। प्रतियोगिता के मोहम्मद अली मेमोरियल उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर खेले जायेंगे ।

### बाल वैज्ञानिकों ने 50 मॉडल बनाए

**आसींद, (निसं) ।** साइंस फेयर प्रदर्शनी का आयोजन कस्बे के अमृत भारती माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ। अतिथियों एवं स्थानीय विद्यालय संस्था प्रधान ओमप्रकाश जोशी ने साइंस फेयर का उद्घाटन किया तथा भारत के भविष्य नन्हें कलाम से रूबरू हुए। इस अवसर पर छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उनके द्वारा बनाए गए उपकरणों को देखा व बच्चों का हौसला बढ़ाया। राहुल टेलर ने बताया कि नन्हें वैज्ञानिकों की प्रतिभा ओर कौशल देखते ही बनता था। अध्यापक संग्राम सिंह ने सभी बच्चों के मॉडल देखे तथा प्रशंसा करते हुए कहा कि बहुत कम संसाधनों से भी बच्चों ने बहुत अच्छे मॉडल बनाए हैं यही हमारे' विज्ञान मेले' का उद्देश्य है, इससे बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होगा तथा राष्ट्र एक नई ऊंचाइयों को छूएगा। गर्विता तंवर ने बताया कि कक्षा पांचवीं की छात्राओं ने मॉडल नंबर 26 द्वारा चंद्रयान-3 जिसे देवनागरी चंद्रयान-3 कहा जाता है पर अपना प्रोजेक्ट कार्य प्रस्तुत किया और अच्छे भाव के साथ चंद्रयान-3 के बारे में बताया। लिंग निर्धारण मॉडल, हृदय रक्त संचरण मॉडल, पलक जैन- सोलर सिस्टम, वर्षा जैन- पोर्टेबल एयर कंडीशनर विद म्यूजिक सिस्टम सहित कई मॉडल बच्चों द्वारा तैयार कर मेले में प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर शारीरिक शिक्षक दिनेश शर्मा, महावीर शर्मा, दिलीप छीपा सहित अन्य अध्यापक गण सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कांग्रेसजनों ने गांधीजी को किया याद

**पुष्कर, (निसं)।** महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पुष्कर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय जोशी की अध्यक्षता में रामधाम के पास गांधी तिराहे पर महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री को माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और देश के प्रति किए गए उन दोनों महापुरुषों के योगदान को याद किया गया। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष श्री मति मन्जु कुर्डिया, वरिष्ठ नेता दामोदर मुखिया, युवा नेता अरशद इंसाफ, पार्षद शरद वैष्णव, गोपाल तिलानिया, जगदीश कुर्डिया, भागचंद दग्दी, रामकरण गुर्जर,अरुण सैनी, प्रेमप्रकाश बाकोलिया, गोपाल जांगिड़, महावीर सिंह राठौड़, सुरभित पाराशर, गौरव पाराशर, विकास मुखिया,तेजाराम मेघवंशी, ओमप्रकाश गुर्जर, बलदेव गुर्जर,हुकुम सिंह,महेंद्र जांगिड़, मुराद भाई इस्लामुद्दीन,हाकम भाई,पन्नालाल चौधरी, छीतरमल मेघवंशी, जितैन्द्र गहलोत सहित मण्डल अध्यक्ष, ग्राम ईकाई अध्यक्षा,ब्लॉक कांग्रेस के सभी पदाधिकारी व पार्षद पूर्व पार्षद, सरपंच, वार्ड पंच सहित अग्रिम संगठनों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित कई लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की।


{नियम 6 ( 7 ) देखिए}

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर परिषद किशनगढ, अजमेर**

क्रमांक/नपकि/प्रा.अ./कृ.भू.नि./2023/708 | दिनांक : 29-09-2023

**लोक सूचना**

दिनांक 29/9/2013 आवेदक मैसर्स श्री शान्तीनाथ एन्टरप्राईजेज रजिस्टर्ड कार्यालय प्लॉट न. एच-3, मार्बल मण्डी, हरमाडा रोड़, रिको औद्योगिक क्षेत्र मदनगंज किशगनढ जिला अजमेर राजस्थान जरिये साझेदार:- 1. श्री अंकित टोंग्या पुत्र श्री महावीर प्रसाद जाति- जैन निवासी- लाभचन्द मार्केट, केकडी जिला अजमेर राजस्थान, श्री अतुल कुमार गंगवाल पुत्र श्री दिनेश कुमार गंगवाल जाति- जैन निवासी- 289, आदिनाथ कॉलोनी, जयपुर रोड, मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राजस्थान, 3. श्री मनीष कुमार शारदा पुत्र श्री कमलेश शारदा जाति-माहेश्वरी, निवासी- 33, शारदा कुज, डागा गली देवडूंगरी मदनगंज किशगनढ जिला अजमेर राजस्थान 4. श्री पद-मचन्द जैन पुत्र श्री माणकचन्द जैन जाति-जैन निवासी- 48, इन्द्रा नगर, मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राजस्थान 5. श्रीमती रीना जैन पत्नी श्री विनय गंगवाल जाति-जैन निवासी-पीपल के पेड के पास, ओसवाली मोहल्ला, मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राजस्थान 6. श्रीमती रेनू जैन पत्नी श्री सूरज जैन जाति- जैन निवासी- लाभचन्द मार्केट, केकड़ी, जिला अजमेर राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| तहसील और जिले का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| किशनगढ-अजमेर | काली डूंगरी | 230/14 | कुल रकबा 0.7362 हैक्टेयर अर्थात् 7362 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय [illegible]

